Name of GOI Press	(In 1905-96 Metric Tori)	(In 1996-97 Metric Ton)	1997-98 (In Metric Ton)
Mycore(PLU)	10	—	—
Faridabad	12		
Koratty	250		
Total	987	NIL	NIL

FU — Form Unit
PLU — Photo Litho Unit
LPU — Letter Press Unit

गुजरात के शहरी क्षेत्र में रोजगार योजना

1351. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी** : क्या **शहरी कार्य और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात के शहरी क्षेत्रों में 31 अक्टूबर, 1997 तक जिलावार सूचित किए गए श्रम दिवसों की संख्या कितनी है;

(ख) राज्य के शहरी क्षेत्रों में चलाई जा रही रोजगार योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ग) राज्य सरकार को इस संबंध में पिछले तीन वर्षो के दौरान और 31 अक्टूबर, 1997 तक कुल कितनी धनराशि दी गई है; और

(घ) क्या राज्य के प्रत्येक जिले में पुरुषों और महिलाओं को बराबर धनराशि वितरित कि जा रही है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री बंडारू दत्तात्रेय) : (क) यह मंत्रालय, केन्द्र प्रवर्तित दो स्कीमों अर्थात नेहरू रोजगार योजना और प्रधान मंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम को शहरी गरीबों के लिए गुजरात सहित सभी राज्यों में कार्यान्वित कर रहा था। यह मंत्रालय जिलावार आंकड़े नही रखता है। तथापि, गुजरात में नेहरू रोजगार योजना की शहरी मजदूरी रोजगार स्कीम के अन्तर्गत 31.10.97 तक 13.26 लाख श्रम दिनों का कार्य किया गया।

(ख) नेहरू रोजगार योजना और प्रधान मंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के बदले 1.12.97 से स्वर्ण जंयती शहरी रोजगार योजना नाम से एक समन्वित कार्यक्रम शुरू किया गया। यह कार्यक्रम, बेरोजगार या आंशिक रोजगार वाले शहरी गरीबों को स्वरोजगार उद्यम लगाने के लिए प्रेरित अथवा सामाजिक व आर्थिक रूप से उपयोगी सार्वजनिक परिसंपत्तियों के निर्माण कार्य में उनके श्रम उपयोग से मजदूरी रोजगार की व्यवस्था करके उन्हें लाभप्रद रोजगार मुहैया कराता है।

(ग) नेहरू रोजगार योजना और प्रधानमंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत गुजरात को पिछले तीन वित्तीय वर्षो के दौरान केन्द्र द्वारा दी गई राशियां निम्नलिखित अनुसार है:

वर्ष	ने0रो0यो0	केन्द्र द्वारा दी गई राशियां (लाख रूपए में) प्रधानमंत्री का एकीकृत शहरी गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम
1995-96	215.90	583.59
1996-97	77.72	315.545
1997-98	76.61	221.805

(घ) जिलों को राशियों का आबंटन राज्य सरकार अपने स्तर पर करती है। इस संबंध में भारत सरकार आंकड़े नही रखती।

Allotment of Flats/Shops by DDA on out of turn basis

1352. SHRI N. RAJENDRAN: Will the Minister of URBAN AFFAIRS & EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) the formalities for allotments of flats/shops in DDA on out of turn basis; and